# सरकार सिंगरौली के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध : राधा

## सिंगरौली में विकास को नई रफ्तार : 8 .41 करोड़ से माजन मोड़-इंद्रा चौक मार्ग का होगा निर्माण, शहर को मिलेगी नई पहचान

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 मई। नपानि सिंगरौली द्वारा शहर के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए माजन मोड़ से इंद्रा चौक तक सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन राजमाता चून कुमारी स्टेडियम के सामने मुख्य अतिथि राज्यमंत्री राधा सिंह, सांसद डॉ. राजेश मिश्र, विधायक रामनिवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, कलेक्टर गौरव बैनल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह, ननि आयुक्त सविता प्रधान के उपस्थिति में विधिवत मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ।**

गौरतलब है कि जिला खनिज मद प्रतिष्ठान से स्वीकृत लगभग 8.41 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली है। कार्यक्रम के प्रारंभ में ननि आयुक्त ने अतिथियों का पुष्पगुच्छों से स्वागत करते हुए परियोजना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुये बताया कि स्वीकृत राशि का उपयोग सड़क की मजबूती, गुणवत्तापूर्ण डामरीकरण एवं दीर्घकालीन स्थायित्व सुनिश्चित करने में किया जाएगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा निर्माण के दौरान सभी तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर राज्य मंत्री राधा सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार सिंगरौली के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा सड़क, बिजली एवं जल जैसी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार क्षेत्रीय प्रगति की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सड़क निर्माण से न केवल यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि शहर के सौंदर्यीकरण एवं आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

वहीं महापौर रानी अग्रवाल एवं ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कलेक्टर गौरव बैनल ने कहा कि इस महत्वपूर्ण परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान पार्षदों के साथ-साथ डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस, कार्यपालन यंत्री संतोष पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी बीजी चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकरी मौजूद रहे।

### बेहतर सड़कों से उद्योग और व्यापार को भी नई दिशा मिलती है : मिश्र

सांसद डॉ. राजेश मिश्र ने कहा कि सिंगरौली को एक आधुनिक एवं विकसित जिले के रूप में स्थापित करना उनका संकल्प है। उन्होंने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं का तीव्र गति से विकास किया जा रहा है। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं समय-सीमा का पालन करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़कों से न केवल आवागमन सुगम होता है, बल्कि उद्योग और व्यापार को भी नई दिशा मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में निवेश के अवसर बढ़ाने के लिए मजबूत आधारभूत ढांचा अत्यंत आवश्यक है।

### निर्माण कार्य के दौरान आमजन को कम से कम असुविधा हो : शाह

इस अवसर पर विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि माजन मोड़ से इंद्रा चौक तक का मार्ग शहर का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं व्यस्त मार्ग है, जिसके उन्नयन से हजारों नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता एवं मजबूती में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही कहा कि लंबे समय से इस मार्ग के सुधार की मांग की जा रही थी, जिसे अब मूर्त रूप दिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य के दौरान आमजन को कम से कम असुविधा हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

# सिंगरौली-निजामुद्दीन एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाने की मांग पर पहल

## सांसद ने रेल मंत्री को लिखा था पत्र

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 मई। ट्रेन संख्या 22167-22168 सिंगरौली-निजामुद्दीन एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाने की मांग अब तेज हो गई है।**

क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और यात्रियों की लगातार मांग को देखते हुए सिंगरौली-सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने यात्रियों की सुविधा और बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय से फेरे बढ़ाने का अनुरोध किया था, जिससे लंबे समय से जूझ रही समस्या का समाधान हो सके। इस मांग पर संज्ञान लेते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। मंत्रालय की ओर से ट्रेन के फेरे बढ़ाने की ऑपरेशनल फीजिबिलिटी यानी व्यवहार्यता की जांच कराई जा रही है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि यात्री संख्या, ट्रैक क्षमता और अन्य तकनीकी पहलुओं का अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। वहीं यदि जांच रिपोर्ट अनुकूल रहती है तो जल्द ही सिंगरौली-निजामुद्दीन एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाए जा सकते हैं। इससे सिंगरौली और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए सांसद डॉ. राजेश मिश्रा का आभार जताया है और उम्मीद जताई है कि केंद्रीय रेल मंत्री के सकारात्मक रुख से जल्द ही यह सौगात जिलेवासियों को मिलेगी।

## एक नजर में

### मुहेर में पोषण आहार वितरण शिविर आयोजित

**सिंगरौली।** ग्राम मुहेर में ब्लॉक-बी परियोजना द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के उद्देश्य से पोषण आहार वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कंपनी की सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें आवश्यक पोषण सहायता प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। शिविर में 202 लाभार्थियों को पोषण आहार का वितरण किया गया, जिससे स्थानीय समुदाय को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ। इस पहल से न केवल पोषण स्तर में सुधार की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ाया गयाए बल्कि स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी सुदृढ़ हुई।

### जिलें में आरोह ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 5 से शुरू

**सिंगरौली।** संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण, म.प्र. के निर्देशानुसार जिलें में छात्र-छात्राओं के ग्रीष्मकालीन अवकाश के सदुपयोग और खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से आरोह ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आगामी 5 मई से शुरू होकर 4 जून 2026 तक संचालित होगा। इस दौरान जिले के विभिन्न विकासखण्डों और जिला मुख्यालय पर फुटबॉल, क्रिकेट, खो-खो, बास्केटबॉल, कुश्ती एवं कबड्डी जैसे खेलों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला मुख्यालय बैढ़न स्थित राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में फुटबॉल एवं क्रिकेट के शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# समूद अंडर ब्रिज बना जानलेवा, गड्ढे और जलभराव से परेशान राहगीर

## राहगीरों ने सांसद से लगाई गुहार

**नवभारत न्यूज**

**सरई 2 मई। सरई-बंजारी और सरई-भुईमाड़ मार्ग पर रोजाना हजारों वाहन चालकों की जान जोखिम में, रेल प्रशासन के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा है, पिछले दो दिन पूर्व हुई बेमौसम बारिश से ओवर ब्रिज में पानी यानी जल भराव होने से आवागमन बाधित हुआ।**

पश्चिम मध्य रेल मंडल, जबलपुर अंतर्गत सिंगरौली-ब्योहारी रेल खंड के बीच स्थित समूद अंडर ब्रिज राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। हल्की बारिश में ही ब्रिज के नीचे पानी भर जाता है और सड़क पर बने गहरे गड्ढे दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरई से बंजारी और सरई से भुईमाड़ को जोड़ने वाले इस मुख्य मार्ग पर सुबह से शाम तक हजारों छोटी-बड़ी गाड़ियों का आवागमन होता है। साथ ही ब्रिज में अंधा मोड़ होने से वाहन चालकों को सामने से आ रहे वाहनों का अंदाजा नहीं लग पाता। गड्ढों से बचने के चक्कर में अक्सर आमने-सामने की टक्कर की नौबत आ जाती है। बारिश के मौसम में स्थिति और भयावह हो जाती है। थोड़ी सी बारिश होते ही अंडर ब्रिज में घुटनों तक पानी भर जाता है। गड्ढे पानी में छिप जाने से दोपहिया और छोटे चारपहिया वाहन चालकों के गिरने-पलटने का खतरा लगातार बना रहता है। इस समस्या से परेशान क्षेत्र के लोगों और रोज इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों ने रेल प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश जताया है। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद रेलवे द्वारा मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। अब राहगीरों ने सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा से मामले में हस्तक्षेप कर समस्या के तत्काल निदान की मांग की है।

# तेज तूफान से परसौना-हर्दी मार्ग में गिरे पेड़, टूट खम्भे, आवागमन रहा प्रभावित

## आधा घंटा तक चली धूलभरी आंधी, जनजीवन अस्त-व्यस्त, बैढ़न शहर में डेढ़ घंटे तक गुल रही बिजली

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 मई। शनिवार की शाम करीब 5 बजे से लेकर करीब आधा घंटा तक धूलभरी आंधी ने ऊर्जाधानी को अस्त-व्यस्त कर दिया।**

आलम यह था कि खुटार पुलिस चौकी क्षेत्र के परसौना-हर्दी मार्ग के पेट्रोलपंप के समीप बिजली के खम्भे एवं करीब तीन पेड़ जमीदोज होने से आवागमन बाधित हुआ। हालांकि पुलिस की सक्रियता से किसी भी प्रकार की जनहानि नही हुई है। दरअसल शनिवार की शाम के वक्त समूचे जिले के देवसर, चितरंगी, सरई, माड़ा, दुधमनिया, बरगवां, बैढ़न समेत अन्य जगह धूलभरी आंधी इतनी आई कि जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। वही हर्दी सड़क मार्ग में तीन भारीभरकम पेड़ एवं बिजली के खम्भे टूट कर सड़क पर आ गये। जिससे बैढ़न शहर में डेढ़ घंटे बिजली भी ठप रही। गनिमत रही कि किसी भी प्रकार की घटना नही घटी। खुटार चौकी प्रभारी शीतला यादव की सक्रियता काम आ गई। हालांकि इस दौरान आवागमन कुछ देर के लिए प्रभावित रहा।

### आंधी चलते ही शहर की बिजली गुल

शनिवार की शाम के वक्त अचानक धूलभरी आंधी आई, जिससे शहर समेत ग्रामीण अंचलों में जनजीवन कुछ देर के लिए प्रभावित हुआ। वहीं इस दौरान जिला मुख्यालय बैढ़न शहर की बिजली भी करीब डेढ़ घंटे तक गुल रही है। इस दौरान उमस भरी गर्मी से परेशान रहे। वहीं उपभोक्ता चर्चा कर रहे थे कि शहर की बिजली व्यवस्था इन दिनों अस्त-व्यस्त है। पिछले दिनों शुक्रवार को भी बैढ़न एवं गनियारी इलाके की गई घंटों तक बिजली कटी हुई थी। आज शनिवार को फिर तूफान आया कि बिजली गुल गई। जबकि अप्रैल महीने से ही बिजली सुधार का कार्य चल रहा है, फिर सवाल उठ रहा है कि आंधी-तूफान का माहौल देख बिजली गुल हो जाती है। यह तो शहर का हाल है, ग्रामीण अंचलों में बिजली की स्थिति क्या होगी, इसी से सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

# खनिक अभिनंदन दिवस पर सम्मानित हुए उत्कृष्ट कोयला क्षेत्र

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 मई। एनसीएल में खनिक अभिनंदन दिवस के अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कोयला क्षेत्रों, इकाइयों व कर्मियों को सम्मानित किया गया।**

इस दौरान सभी एनसीएल परियोजनाओं को विभिन्न मानकों पर दो श्रेणियों ए और बी में बांटा गया था। पहली श्रेणी में सालाना 15 मिलियन टन से अधिक तथा दूसरी श्रेणी में 15 मिलियन टन से कम कोयला उत्पादन करने वाले क्षेत्रों को रखा गया। सर्वाधिक कोयला उत्पादन के लिए ग्रुप ए में जयंत तथा ग्रुप बी में बीना और सर्वाधिक विभागीय अधिभार हटाव के लिए दुद्धिचुआ ग्रुप ए एवं बीना क्षेत्र ग्रुप बी को सर्वश्रेष्ठ परियोजना के रूप में चुना गया। विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2025-26 में कोयला उत्पादन में अधिकतम प्रतिशत वृद्धि के लिए श्रेणी ए में जयंत तथा श्रेणी बी में ब्लॉक बी तथा विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2025-26 में कोयला प्रेषण में अधिकतम प्रतिशत वृद्धि के लिए श्रेणी ए में दुद्धिचुआ एवं श्रेणी बी में ब्लॉक बी परियोजना को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया।

# वीरेंद्र बने सिंगरौली सीडा अध्यक्ष

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 मई। वीरेंद्र गोयल सिंगरौली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नियुक्त भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष तथा प्रदेश कार्य समिति सदस्य वीरेंद्र गोयल को सिंगरौली विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।**

इस नियुक्ति पर भाजपा के कार्यकर्ताओं में एक नया जोश दिखाई देने लगा है। आज शनिवार की सुबह से ही बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। प्रमुख रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरु शीतलाधर द्विवेदी, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवेंद्र शीतलाधर द्विवेदी, पूर्व विधायक अमर सिंह, जनपद सदस्य देवी प्रसाद बैस, अशीषधर द्विवेदी समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

# 1 लाख 38 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई, कई वाहन पकड़े गए

## बिना परमिट स्कूल वाहनों पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू, सड़क सुरक्षा से समझौते पर अब सीधी वैधानिक कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 मई। जिले में सड़क सुरक्षा और परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए परिवहन विभाग ने बड़ा अभियान चलाया है। परिवहन आयुक्त उमेश जोगा की कार्ययोजना, कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर के मार्गदर्शन और चेकपोस्ट प्रभारी विभा उइके के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।**

अभियान के तहत सिंगरौली चेकपोस्ट टीम ने बिना परमिट चल रहे स्कूल बसों और वैनों पर सख्ती दिखाई। जांच में सामने आया कि कई वाहन स्कूल उपयोग के नाम पर अवैध रूप से मैरिज पार्टी और व्यावसायिक परिवहन में लगाए जा रहे थे। कई वाहन क्षमता से अधिक सवारी लेकर चलते पाए गए, जो यात्रियों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं। कार्रवाई के दौरान विभाग ने एमपी 66 जेडएफ 4261, एमपी 66 जेडसी 1489, एमपी 66 जेडएफ 2899, एमपी 62 जेडएफ 4261, एमपी 66 जेडई 4047, एमपी 66 पी 0563 और एमपी 66 पी 0579 समेत कई वाहनों पर कार्रवाई करते हुए कुल 1 लाख 38 हजार रूपये की चालानी वसूली की। विभाग ने स्पष्ट किया कि बिना वैध परमिट और टैक्स वाले वाहनों से दुर्घटना की स्थिति में बीमा क्लेम भी प्रभावित हो सकता है। विभाग ने आदर्श परिवहन मॉडल अपनाते हुए मानवीय दृष्टिकोण भी रखा। विवाह समारोहों में आम नागरिकों को परेशानी से बचाने के लिए मौके पर ही ऑनलाइन चालान काटकर वाहन जप्त नहीं किए गए, बल्कि नोटिस जारी कर शेष टैक्स जमा कराने के निर्देश दिए गए। परिवहन विभाग ने चेतावनी दी है कि अब नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ समझाइश नहीं, बल्कि सीधे सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# विंध्याचल में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**विंध्यनगर 2 मई। एनटीपीसी विंध्याचल ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस को पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। इस अवसर पर परियोजना एवं टाउनशिप के अंतर्गत 20 विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।**

विभागाध्यक्षों एवं इंजीनियर्स-इन-चार्ज द्वारा श्रमिकों को सम्मानित किया गया और उनके समर्पण, कड़ी मेहनत तथा संगठन की प्रगति में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों के कल्याण और सुरक्षा को विशेष महत्व दिया गया। विभिन्न स्थलों पर सेफ्टी पेप टॉक, श्रम अधिकारों से संबंधित जागरूकता सत्र तथा स्वास्थ्य एवं वेलनेस कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से एनटीपीसी ने सुरक्षित कार्य वातावरण, कर्मचारी हितों और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुन: रेखांकित किया। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

# कॉन्वेंट स्कूल में मना मजदूर दिवस

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 मई।** बिलौंजी में संचालित कॉन्वेंट स्कूल में मजदूर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने डांस के माध्यम से श्रमिको का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं की छात्रा परी द्विवेदी, कोमल पाण्डेय, मानसी शाह, प्रेरणा शुक्ला, प्रांजली पाण्डेय, राजनंदनी शाह, अंजली सोनी, अंजली शाह एवं स्नेहा नामदेव ने अपने डांस के माध्यम से मजदूरों एवं अभिभावको तथा छात्र-छात्राओं और शिक्षको का मंत्रमुग्ध कर दिया।

# सिंगरौली महोत्सव में स्थानीय कला एवं संस्कृति को विशेष महत्व देने पर जोर दें : गौरव

## सिंगरौली महोत्सव तैयारियों को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिले में संचालित परियोजनाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 मई। जिले की स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सिंगरौली महोत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में जिले में संचालित परियोजनाओं के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में महोत्सव के स्वरूप, उद्देश्य एवं विभिन्न गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि सिंगरौली महोत्सव प्रति वर्ष जिले की स्थापना के अवसर पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सिंगरौली महोत्सव का मुख्य उद्देश्य जिले की समृद्ध कला, संस्कृति एवं स्थानीय प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, साथ ही जिले की औद्योगिक पहचान और विकास कार्यों को भी प्रदर्शित करना है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम बनेगा, बल्कि जिले की उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करने का अवसर भी देगा। बैठक के दौरान कलेक्टर ने महोत्सव में स्थानीय कला एवं संस्कृति को विशेष महत्व देने पर जोर दिया गया। इसके तहत कार्यक्रमों का चयन इस प्रकार किया जाएगा कि सिंगरौली की पारंपरिक पहचान और लोक संस्कृति को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जा सके। कलाकारों का चयन प्री-सेलेक्शन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा, जिससे योग्य एवं प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच मिल सके। बैठक के दौरान सहायक कलेक्टर सौम्या मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल सहित अन्य मौजूद रहे।

### महोत्सव के दौरान क्विज व अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित करें

बैठक में जिले में स्थापित उद्योगों द्वारा किए जा रहे कार्यों, उत्पादन एवं निर्यात गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए विशेष प्रदर्शनी आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। यह प्रदर्शनी जिले के औद्योगिक विकास को दर्शाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। इसके साथ ही महोत्सव के दौरान दिन के समय स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न क्विज प्रतियोगिताएं एवं एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिससे बच्चों में उत्साह और सहभागिता बढ़ेगी। साथ ही स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी, जिससे स्थानीय महिलाओं एवं समूहों को आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर प्राप्त होगा।